भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1748
उत्तर देने की तारीख 10 दिसंबर, 2025

इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी)

1748. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव संघ राज्यक्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) और डिजिटल भुगतान सेवाओं से जुड़े डाकघरों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त संघ राज्यक्षेत्र में कुल कितने ग्रामीण डाक सेवकों को मोबाइल उपकरण और घर पर ही बैंकिंग प्रशिक्षण प्रदान किया गया है; और

(ग) क्या सरकार ने उक्त संघ राज्यक्षेत्र के दूरदराज क्षेत्रों में नई डाकघर शाखाएं स्थापित करने तथा मौजूदा शाखाओं के आधुनिकीकरण के लिए कोई विशेष बजट आवंटित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) अब तक की स्थिति के अनुसार, दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव संघ राज्य-क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) से जुड़े डाकघरों की कुल संख्या 67 है।

(ख) दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव संघ राज्य-क्षेत्र में 58 ग्रामीण डाक सेवकों को मोबाइल उपकरण दिए गए हैं और डोर-स्टेप बैंकिंग प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

(ग) दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव संघ राज्य-क्षेत्र में 'खानवेल' उप-डाकघर खोलने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 12,500 रुपए की निधि आवंटित की गई है। विगत पांच वर्षों में दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव संघ राज्य-क्षेत्र में नए उपकरण और सॉफ्टवेयर अपग्रेड करने के लिए निधियां प्रदान करने सहित डाकघरों के आधुनिकीकरण पर 3,25,743 रुपए की निधियों का व्यय किया गया है।

*****